www.prepp.in

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

2. (Signature) ______________________

   (Name) ______________________

**OMR Sheet No. :** ....................................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ______________________
(In words)

**J 3 1 1 5**

# PAPER - II
# LINGUISTIC

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

www.prepp.in

# LINGUISTIC

## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

1. Language is a purely human and non-instinctive method of communicating ideas, emotions and desires by means of a system of :

   (1) Involuntarily produced vocal symbols

   (2) Involuntarily produced non-vocal symbols

   (3) Voluntarily produced vocal symbols

   (4) Voluntarily produced non-vocal symbols

2. **Assertion (I)** : For words, a distinction is sometimes made between open-class words and closed - class words.

   **Assertion (II)** : Words may be classified as content words and function words.

   **Codes :**

   (1) Both **(I)** and **(II)** are true

   (2) **(I)** is true, but **(II)** is false

   (3) **(I)** is false, but **(II)** is true

   (4) Both **(I)** and **(II)** are false

3. **Assertion (I)** : Formal universals are statements on the form of rules of grammar.

   **Assertion (II)** : Substantive universals are elements in a grammar required for analysis of linguistic data e.g. NP, VP etc.

   **Codes :**

   (1) Both **(I)** and **(II)** are false

   (2) Only **(I)** is true and **(II)** is false

   (3) Only **(II)** is true and **(I)** is false

   (4) Both **(I)** and **(II)** are true

4. In the sentence 'John who is my friend is a fool', 'who' is a :

   (1) Question word  (2) Reflexive pronoun

   (3) Reciprocal  (4) Relative pronoun

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# भाषा विज्ञान
## प्रश्नपत्र - II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।

**1.** भाषा निम्नलिखित किस व्यवस्था के माध्यमों द्वारा विचारों, संवेगों और कामनाओं के सम्प्रेषण की विशुद्ध मानवीय तथा गैर नैसर्गिक विधि है :

(1) अस्वैच्छिक वाचिक प्रतीकों का निर्माण

(2) अस्वैच्छिक गैर वाचिक प्रतीकों का निर्माण

(3) स्वैच्छिक वाचिक प्रतीकों का निर्माण

(4) स्वैच्छिक गैर-वाचिक प्रतीकों का निर्माण

**2.** **अभिकथन (I)** : शब्दों के संदर्भ में कभी-कभी विवृत वर्ग शब्दों में तथा संवृत वर्ग शब्दों में अंतर कर दिया जाता है।

**अभिकथन (II)** : शब्दों का वर्गीकरण आशय शब्द तथा प्रकार्य शब्द के रूप में किया जा सकता है।

**कूट :**

(1) **(I)** और **(II)** दोनों सही हैं

(2) **(I)** सही है परन्तु **(II)** गलत है

(3) **(I)** गलत है परन्तु **(II)** सही है

(4) **(I)** और **(II)** दोनों गलत हैं

**3.** **अभिकथन (I)** : रूपात्मक सार्वभौम, व्याकरण के नियमों के रूप संबंधी कथन होते हैं।

**अभिकथन (II)** : संज्ञापरक सार्वभौम नियम भाषायी डेटा अधीत एन पी, वी पी आदि के विश्लेषण के लिए अपेक्षित व्याकरण के तत्व होते हैं।

**कूट :**

(1) **(I)** और **(II)** दोनों गलत हैं।

(2) केवल **(I)** सही है और **(II)** गलत है।

(3) केवल **(II)** सही है और **(I)** गलत है।

(4) **(I)** और **(II)** दोनों सही हैं।

**4.** 'John who is my friend is a fool' वाक्य में 'who' एक :

(1) प्रश्नवाचक शब्द है।

(2) निजवाचक सर्वनाम है।

(3) अन्योन्य है।

(4) संबंधवाचक सर्वनाम है।

5. In the sentence 'The foolish boy gave the girl an egg', 'The girl' is :

(1) Subject (2) Direct object (3) Indirect object (4) Verb

6. Identify the grammatical role and relation of the underlined items in **List - I** and match them in the **List - II**.

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | The boy hit the dog | (i) | Instrumental |
| (b) | The key opened the door | (ii) | Source |
| (c) | The boy felt happy | (iii) | Experiencer |
| (d) | He took out the gun from the van | (iv) | Agent |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

7. A term in phonology used to describe the loss of distinction between two phonemes in a particular environments.

(1) Syncopation (2) Assimilation (3) Metathesis (4) Neutralization

8. Match the items in **List - I** with those in **List - II**. Select the correct answer from the codes given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Code | (i) | Metalingual function |
| (b) | Message | (ii) | Phatic function |
| (c) | Contact | (iii) | Poetic function |
| (d) | Addresser | (iv) | Emotive function |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (4) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

5. 'The foolish boy gave the girl an egg' वाक्य में 'The girl' है :

(1) कर्ता (2) मुख्य कर्म (3) गौण कर्म (4) क्रिया

6. **सूची - I** में रेखांकित मदों की व्याकरणिक भूमिका और संबंध को चिह्नित कीजिए और **सूची - II** के साथ सुमेलित कीजिए।

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | <u>The boy</u> hit the dog | (i) | करण |
| (b) | <u>The key</u> opened the door | (ii) | स्रोत |
| (c) | <u>The boy</u> felt happy | (iii) | अनुभावक |
| (d) | He took out the gun from <u>the van</u> | (iv) | अभिकर्ता |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

7. स्वनिम विज्ञान में, विशिष्ट स्वनिक पर्यावरण में दो स्वनिमों के भेदक अभिलक्षण के लुप्त हो जाने की प्रक्रिया को कहा जाता है __________

(1) मध्यलोपन (2) समीकरण (3) विपर्यय (4) निर्विषमीकरण

8. **सूची - I** की मदों को **सूची - II** की मदों के साथ सुमेलित कीजिए। नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | कूट | (i) | भाषेतर प्रकार्य |
| (b) | संदेश | (ii) | सामाजिक प्रकार्य |
| (c) | संपर्क | (iii) | काव्य प्रकार्य |
| (d) | संबोधन | (iv) | संवेगात्मक प्रकार्य |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (4) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

9. Match the items in the **List - I** with those in **List - II** :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Assimilation | (i) | Articulatory phonetics |
| (b) | Formant Analysis | (ii) | Auditory phonetics |
| (c) | Pitch | (iii) | Acoustic phonetics |
| (d) | Stricture types | (iv) | Combinatory phonetics |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

10. The concept of National syllabi was proposed by :
    (1) D.A. Wilkins (2) D. Nunan
    (3) Lydia White (4) S. Pit Corder

11. A term to donate the smallest sound units that can be segmented from the acoustic flow of speech and which can function as a semantically distinctive unit is :
    (1) Morpheme (2) Phoneme (3) Allophone (4) Styleme

12. A term used for referring to a sudden, short peak of acoustic energy which occurs in the production of certain sounds is called :
    (1) Foot (2) Formant (3) Burst (4) Filter

13. Complementary distribution describes :
    (1) Allophones which occur in the same position without causing a change of meaning.
    (2) Allophones which never occur in the same phonetic environment
    (3) Allophones which sometimes occur in different phonetic environments but always have the same meaning.
    (4) Allophones which are sometimes phones.

14. The association between the words 'read' (verb, past tense) and 'red' (adjective) is termed as :
    (1) Homophony (2) Homography (3) Hyponymy (4) Synonymy

Prepp
Your Personal Exams Guide

9. **सूची - I** की मदों को **सूची - II** की मदों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | समीभवन | (i) | उच्चारणात्मक स्वनविज्ञान |
| (b) | फार्मेंट | (ii) | श्रव्य स्वनविज्ञान |
| (c) | स्वराघात | (iii) | ध्वनिक स्वनविज्ञान |
| (d) | निकोच | (iv) | संयोजी स्वनविज्ञान |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |

10. ''संकल्पनात्मक पाठ्यक्रम'' की संकल्पना को प्रस्तावित किया गया था :
(1) डी.ए. विल्किन्स (2) डी. न्यूनॉन
(3) लिडिया व्हाइट (4) एस. पिट कॉर्डर

11. वह शब्द जो लघुतम स्वन इकाइयों को जो वाक् के ध्वनिकी प्रवाह से खंडित और अर्थगत विभेदक प्रकार्य कर सकती हैं, कहलाता है :
(1) रूपिम (2) स्वनिम (3) उपस्वन (4) शैलीम

12. ध्वनिक ऊर्जा का आकस्मिक, अल्प शिखर जो कतिपय स्वनों के उच्चारण में पैदा होता, निम्नलिखित में से क्या कहलाता है ?
(1) पाद (2) फ़ॉर्मेन्ट (3) प्रस्फोट (4) फिल्टर

13. पूरक वितरण में निम्नलिखित में से किसका उल्लेख किया जाता है ?
(1) उपस्वन, जो अर्थ में परिवर्तन किए बिना उसी स्थिति में होता है।
(2) उपस्वन, जो उसी स्वनिक वातावरण में कभी भी नहीं होता है।
(3) उपस्वन, जो कभी - कभी अलग-अलग स्वनिक वातावरण में होता है लेकिन उनका अर्थ हमेशा समान होता है।
(4) उपस्वन, जो कभी-कभी स्वन होते हैं।

14. शब्द 'read' (क्रिया, भूतकाल) और 'red' (विशेषण) का संबंध एक शब्द में कहा जाता है _________
(1) समस्वनता (2) समलेखन (3) अवनामिता (4) पर्यायता

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** The rhyme of a syllable consists of :

(1) Onset and coda
(2) Onset and nucleus
(3) Nucleus and coda
(4) Ouset, coda and Nucleus

**16.** The action of glottis determines :

(1) Articulation
(2) Misarticulation
(3) Phonation
(4) Vibration

**17.** Find the correct order :

(i) Foot
(ii) Phone
(iii) Distinctive feature
(iv) Syllable

**Codes :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

**18.** Match the items in **List - I** with those in the **List - II**. Select the correct answer from the code given below.

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Isolating | (i) | Eskimo |
| (b) | Agglutinative | (ii) | Turkish |
| (c) | Inflectional | (iii) | Chinese |
| (d) | Incorporating | (iv) | Latin |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

15. अक्षर की छंद – गति में निम्नलिखित में से क्या होता है ?

(1) प्रारंभ और अंत
(2) प्रारंभ और नाभिक
(3) नाभिक और अंत
(4) प्रारंभ, अंत और नाभिक

16. ग्लोटिस की क्रिया निश्चित करती है :

(1) उच्चारण
(2) ग़लत उच्चारण
(3) स्वनकरण
(4) स्पंदन

17. सही क्रम चिह्नित कीजिए :

(i) पाद
(ii) स्वन
(iii) व्यावर्तक अभिलक्षण
(iv) अक्षर

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

18. **सूची - I** के मदों को **सूची - II** के मदों से सुमेलित कीजिए। नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर को चुनिए।

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | विलगनीकरण | (i) | एस्किमो |
| (b) | योगात्मकता | (ii) | तुर्की |
| (c) | विभक्तिपरक | (iii) | चीनी |
| (d) | समावेशी | (iv) | लैटिन |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (3) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

www.prepp.in

**19.** The fusion of [d] and [j] to produce as [$d_3$] is called :

(1) Distance Assimilation (2) Regressive Assimilation

(3) Progressive Assimilation (4) Coalescent Assimilation

**20.** A portmanteau morpheme is a morpheme which is used as :

(1) A morpheme which has one meaning

(2) A morpheme which has more than one meaning

(3) A morpheme which has no meaning

(4) A morpheme which has bound meaning only

**21.** Meaningful unity of words in a linguistic utterance is :

(1) Cohesion (2) Coherence (3) Context (4) Connotation

**22.** Which of the following is not true of the Aspects model ?

(1) Meaning is contained in the surface structure

(2) Deep structure goes to surface structure through transformations

(3) Transformations include addition, deletion, movement and substitution

(4) Base provides input to Deep structure

**23.** Case is a property which is associated with __________ of a sentence.

(1) Verb (2) Noun (3) Adjective (4) Adverb

**24.** Linguistic competence refers to :

(1) The capacity to use language in all social situations

(2) The capacity to find mistakes

(3) The capacity to understand all verbal and non-verbal signs

(4) The capacity to produce and understand an infinite number of sentences

**25.** The sentence-clause distinction in generative terms is found in :

(1) Optimality theory (2) Minimalist theory

(3) Hyphothesis theory (4) Principles and parametre theory

**19.** [$d_3$] के रूप में उत्पन्न करने के लिए [d] और [j] का सम्मिश्रण कहलाता है :

(1) अंतरित समीभवन (2) पश्च समीभवन

(3) पुरः समीभवन (4) संलयी समीभवन

**20.** एक संपृक्त रूपिम ऐसा रूपिम है जिसका प्रयोग निम्नलिखित में से किस के रूप में किया जाता है :

(1) एक रूपिम जिसका एक अर्थ है

(2) एक रूपिम जिसके एक से अधिक अर्थ हैं

(3) एक रूपिम जिसका कोई अर्थ नहीं

(4) एक रूपिम जिसका केवल बद्ध अर्थ है

**21.** किसी भाषिक वाक् के शब्दों की अर्थगत एकता क्या कहलाती है ?

(1) संसंजन (2) संगति (3) प्रसंग (4) लक्ष्यार्थ

**22.** निम्नलिखित में से कौन "Aspects model" प्रतिरूप के अंतर्गत नहीं है ?

(1) अर्थ बाह्य संरचना में होता है।

(2) आंतरिक संरचना रचनांतरण के माध्यम से बाह्य संरचना में जाता है।

(3) रचनांतरण में परिवर्धन, विलोपन, संचलन और प्रतिस्थापन सम्मिलित होता है।

(4) निवेश आधार आंतरिक संरचना के लिए योगदान की पूर्ति करना है।

**23.** कारक एक ऐसा गुण है, जो वाक्य के __________ के साथ संबद्ध है।

(1) क्रिया (2) संज्ञा (3) विशेषण (4) क्रियाविशेषण

**24.** भाषाई क्षमता का संबंध है :

(1) सभी सामाजिक स्थितियों में भाषा - प्रयोग की क्षमता

(2) गलतियों को पहचानने की क्षमता

(3) मौखिक और गैर मौखिक चिह्नों को समझने की क्षमता

(4) असीमित संख्या में वाक्यों को बनाने व समझने की क्षमता

**25.** निम्नलिखित में किसमें प्रजनक प्रारूप में वाक्य - उपवाक्य का अंतर मिलता है ?

(1) इष्टतम का सिद्धान्त (2) न्यूनतम का सिद्धान्त

(3) हेतुमद् का सिद्धान्त (4) प्रिंसिपल-एवं - पैरामीटर सिद्धांत

www.prepp.in

**26.** In the sentence 'John himself cut the apple, 'himself' is :

(1) Reflexive (2) Relative Pronoun

(3) Verb (4) Emphatic

**27.** Match the items from **List - I** with those in **List - II** and select the correct code from the codes given below.

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Gradable antonyms | (i) | alive - dead |
| (b) | Complementary antonyms | (ii) | good - bad |
| (c) | Converse antonyms | (iii) | Furniture - desk |
| (d) | Hyponyms | (iv) | lend - borrow |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**28.** In the metalingual function :

(1) Focus is on 'message for its own sake'

(2) The addressee is directly engaged

(3) The addresser is engaged

(4) Language is used to discuss itself

**29.** Match the items from **List - I** with those in **List - II** and choose the correct response from the codes below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Referential function | (i) | Corresponds to the factor of context and describes a situation, object or mental state. |
| (b) | Expressive function | (ii) | Relates to addresser |
| (c) | Conative function | (iii) | Focuses on 'message for its own sake' |
| (d) | Poetic function | (iv) | engages the addressee |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

Prepp
Your Personal Exams Guide

26. इस वाक्य 'John himself cut the apple' में 'Himself' है

(1) निजवाचक (2) संबंधवाचक सर्वनाम

(3) क्रिया (4) अवधारक

27. **सूची - I** की मदों को **सूची - II** की मदों से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए दिए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए।

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | श्रेणीपरक विपर्यय | (i) | जीवित – मृत |
| (b) | पूरक विपर्यय | (ii) | अच्छा – बुरा |
| (c) | अभिसारी विपर्यय | (iii) | फर्नीचर – डेस्क |
| (d) | अवनामता | (iv) | ऋण देना– ऋण लेना |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

28. निरूपक भाषा :

(1) 'संदेश केवल अपने लिए' पर केन्द्रित है

(2) प्रेषिती प्रत्यक्ष रूप से संलग्न है

(3) प्रेषक संलग्न है

(4) भाषा का प्रयोग उस पर चर्चा करने के लिए किया गया हो

29. **सूची - I** की मदों को **सूची - II** की मदों से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | संदर्भगत प्रकार्य | (i) | संदर्भ के तत्व से मेल खाना और किसी स्थिति, वस्तु अथवा मनोस्थिति का वर्णन करना |
| (b) | भावबोधक प्रकार्य | (ii) | प्रेषक से संबंधित |
| (c) | क्रियात्मक प्रकार्य | (iii) | केवल संदेश पर केन्द्रित करना |
| (d) | काव्यात्मक प्रकार्य | (iv) | प्रेषिती को संलग्न करना |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** Which of the following is an example of polar opposition

(1) Tenant - Landlord

(2) Wet - Dry

(3) Teacher - Student

(4) Alive - Dead

**31.** **Assertion (I)** : There are some South Asian languages that show 'Ergativity' in full - scale as articulated by W.R. Dixon.

**Assertion (II)** : Some languages such as Hindi-Urdu, Marathi, Nepali and Punjabi etc. are classified as 'Split-ergative' languages because Ergativity is conditioned by tense and aspect in these languages.

**Code :**

(1) Only **(I)** is true

(2) Both **(I)** and **(II)** are true

(3) Both **(I)** and **(II)** are false

(4) Only **(II)** is true

**32.** **Assertion (I)** : One of the most salient properties of verb final languages is that most of them have post-positions.

**Assertion (II)** : Persian is a verb - final language and it has pre-positions.

**Codes :**

(1) Only **(I)** is true and **(II)** is false

(2) Both **(I)** and **(II)** are false

(3) Both **(I)** and **(II)** are true

(4) Only **(II)** is true and **(I)** is false

**33.** When extant written records do not exist to offer forms representing an earlier non - extant state of a language, it is possible to hypothesize about the historical development of the languages by analysing the structural regularities and irregularities of their contemporary states and deducing underlying forms which might reflect earlier states. The process is called :

(1) Lexicostatistics

(2) Internal Reconstruction

(3) Comparative method

(4) Lexical diffusion

www.prepp.in

30. निम्नलिखित में से कौन – सा ध्रुवीय विरोध का उदाहरण है ?

(1) किराएदार - मकान मालिक

(2) गीला - सूखा

(3) अध्यापक - विद्यार्थी

(4) जीवित - मृत

31. **अभिकथन (I)** : कुछ दक्षिण एशियाई भाषाएं ऐसी हैं जिनमें 'कर्तृता' पूर्ण मान में डब्लू. आर. डिक्शन के अनुसार दर्शाया जाता है।

**अभिकथन (II)** : हिंदी – उर्दू, मराठी, नेपाली और पंजाबी आदि जैसी कुछ भाषाओं को 'विखंडन-कर्तृता' भाषा के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, क्योंकि 'कर्तृता' को इन भाषाओं में काल और पक्ष द्वारा सोपाधिक किया जाता है।

**कूट :**

(1) केवल **(I)** सही है।

(2) **(I)** और **(II)** दोनों सही हैं।

(3) **(I)** और **(II)** दोनों गलत हैं।

(4) केवल **(II)** सही है।

32. **अभिकथन (I)** : क्रिया अंत्य भाषाओं की एक प्रमुख विशेषता है कि इन में से अधिकांश में परसर्ग होते हैं।

**अभिकथन (II)** : फारसी एक क्रिया अंत्य भाषा है और इसमें उपसर्ग होते हैं।

**कूट :**

(1) केवल **(I)** सही है और **(II)** गलत है।

(2) **(I)** और **(II)** दोनों गलत हैं।

(3) **(I)** और **(II)** दोनों सही हैं।

(4) केवल **(II)** सही है और **(I)** गलत है।

33. किसी भाषा की विलुप्त अवस्था का निर्धारण करने के लिए जब प्राचीन लिखित अभिलेख अनुपलब्ध हों तो भी ऐसी भाषाओं के वर्तमान स्वरूप से संबंधित संरचनात्मक नियमितताओं तथा अनियमितताओं के विश्लेषण द्वारा ऐसी भाषाओं के ऐतिहासिक विकास की अवधारणा प्रस्तुत करना संभव है, जिनके द्वारा उनके प्राचीन स्वरूपों का आकलन हो सके। इस प्रक्रिया को कहते हैं :

(1) कोश सांख्यिकी

(2) आभ्यंतर पुनर्रचना

(3) तुलनात्मक विधि

(4) कोशगत शाब्दिक विसरण

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

**34.** A process of regularization which affects the exceptional forms in the grammar of language is referred to as :

(1) Loan blend (2) Merger (3) Coalescence (4) Analogy

**35.** The claim that sound change is a regular process has long been sufficiently well - linked to :

(1) Ferdinand de Saussure (2) Yaska

(3) Prague school (4) The Neogrammarians

**36.** **Assertion (I)** : When we find some languages which are clearly connected through a genetic relationship it therefore follows that they belong to a language family.

**Assertion (II)** : All these languages are descended from a single ancestral language.

**Codes :**

(1) **(I)** is true but **(II)** is false

(2) **(I)** is false but **(II)** is true

(3) Both **(I)** and **(II)** is true

(4) Both **(I)** and **(II)** are false

**37.** A sound change in which a repeated sequence of sounds is simplified to a single occurrence is known as :

(1) Paragoge (2) Prothesis

(3) Anaptyxis (4) Haplology

**38.** A sound change in which sounds exchange positions with one another within a word is known as :

(1) Compensatory lengthening (2) Paragoge

(3) Metathesis (4) Aphaeresis

**39.** **Assertion (I)** : Synchronic linguistics refers to study of language across time.

**Assertion (II)** : Diachronic linguistics refers to study of language at a particular time.

**Codes :**

(1) Both **(I)** and **(II)** are true

(2) **(I)** is true and **(II)** is false

(3) **(II)** is true and **(I)** are false

(4) Both **(I)** and **(II)** are false

Prepp
Your Personal Exams Guide

34. भाषा के व्याकरण में अपवादी रूप को प्रभावित करने वाले नियमन की प्रक्रिया का उल्लेख निम्नलिखित में से किसके रूप में किया जाता है?

(1) आगत मिश्र शब्द (2) विलयन (3) संधि (4) सादृश्यता

35. यह दावा कि स्वन-परिवर्तन एक नियमित प्रक्रिया है, इसे काफी पहले निम्नलिखित में किससे पर्याप्त रूप से सुसंबद्ध किया गया है :

(1) फर्दिनान्द द सस्यूर (2) यास्क
(3) प्राग स्कूल (4) न्यूओग्रामेरियन

36. **अभिकथन (I)** : जब हम कुछ ऐसी भाषाएं देखते हैं, जो स्पष्ट रूप से आनुवंशिक संबंध से जुड़ी होती है और इसलिए यह एक भाषा परिवार से संबद्ध होती हैं।

**अभिकथन (II)** : ये सभी भाषाएँ एक ही पैतृक भाषा से उत्पन्न होती हैं।

**कूट :**

(1) **(I)** सही है, लेकिन **(II)** गलत है।
(2) **(I)** गलत है, लेकिन **(II)** सही है।
(3) **(I)** और **(II)** दोनों सही हैं।
(4) **(I)** और **(II)** दोनों गलत हैं।

37. ऐसा स्वन परिवर्तन, जिसमें स्वनों की पुनरावृत्ति का क्रम एकल घटना में सरलीकृत हो जाता है, उसे कहते हैं :

(1) अंतनिहित (2) आदिनिहित
(3) विप्रकर्ष (4) (उच्चारण में) समाक्षर लोप

38. ऐसा स्वन परिवर्तन, जिसमें शब्द के अंदर स्वन एक दूसरे के साथ स्थिति में फेर - बदल करते है, उसे कहते हैं :

(1) प्रतिपूरक दीर्घता (2) अंतनिहित
(3) विपर्यय (4) आदि स्वनलोप

39. **अभिकथन (I)** : एककालिक भाषाविज्ञान का संबंध सार्वकालिक भाषा के अध्ययन से है।

**अभिकथन (II)** : कालक्रमिक उपागम भाषा विज्ञान का संबंध एक विशेष काल की भाषा के अध्ययन से है।

**कूट :**

(1) **(I)** और **(II)** दोनों सही हैं।
(2) **(I)** सही है और **(II)** गलत है।
(3) **(II)** सही है और **(I)** गलत है।
(4) **(I)** और **(II)** दोनों गलत हैं।

www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide

**40.** **Assertion (I) :** Human language would presumably function much better as a medium of communication if it did not change over time.

**Assertion (II) :** Apparently language change is universal.

(1) **(I)** is true, **(II)** is false

(2) **(I)** is false, **(II)** is true

(3) Both **(I)** and **(II)** are true

(4) Both **(I)** and **(II)** are false

**41.** __________ refers to a general model of grammar within which all individual varieties can be interrelated, thus providing a model of a speaker's passive competence.

(1) Paralanguage

(2) Panlectal

(3) Diffusion

(4) Diglossia

**42.** **Assertion (I)** : A cloze test involves presenting learners with a complete passage, at the end of which descriptive questions are asked.

**Assertion (II)** : Cloze tests have proven useful in second language classrooms as well as in psycholinguistics as tests of comprehension, and in sociolinguistics as a means of eliciting dialect words.

**Codes :**

(1) Both **(I)** and **(II)** are true

(2) Both **(I)** and **(II)** are false

(3) **(I)** is true and **(II)** is false

(4) **(I)** is false and **(II)** is true

**43.** The concept of 'communicative competence' in sociolinguistics is a contribution of :

(1) William Labov (2) Lev Vygotsky (3) Dell Hymes (4) Charles Ferguson

**44.** Acquisition vs learning distinction is attributed to :

(1) S. Pit Corder (2) S. D. Krashen (3) W. S. Allen (4) Halliday

**45.** Gazetteers and Biographical Dictionaries are classified as :

(1) Onomasiological Dictionaries

(2) Onomastic Dictionaries

(3) Dialect Dictionaries

(4) Learner's Dictionaries

**40.** **अभिकथन (I)** : मानव भाषा संप्रेषण के माध्यम के रूप में संभवत: बेहतर कार्य करती बशर्ते कि यह समय के साथ न बदले।

**अभिकथन (II)** : वास्तव में भाषा परिवर्तन सार्वभौमिक है।

(1) **(I)** सही है, **(II)** गलत है।

(2) **(I)** गलत है, **(II)** सही है।

(3) **(I)** और **(II)** दोनों सही हैं

(4) **(I)** और **(II)** दोनों गलत हैं।

**41.** __________ का संबंध व्याकरण के उस प्रतिरूप से है जिसमें सभी व्यक्तिगत भेद अर्न्तसंबंधित है, इस प्रकार वक्ताओं की निष्क्रीय क्षमता का प्रतिरूप बनता है।

(1) पराभाषा

(2) सर्वभाषिक

(3) विसरण

(4) द्विभाषारूपिता

**42.** **अभिकथन (I)** : क्लोज़ परीक्षण में एक गद्यांश होता है, जिसके अंत में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे जाते हैं।

**अभिकथन (II)** : क्लोज़ परीक्षण, द्वितीय भाषा की कक्षाओं और बोधन के परीक्षण के रूप में मनोभाषाविज्ञान और बोली के शब्दों के संकलन हेतु समाजभाषाविज्ञान में उपयोगी सिद्ध हुए हैं।

**कूट :**

(1) **(I)** और **(II)** दोनों सही हैं।

(2) **(I)** और **(II)** दोनों गलत हैं।

(3) **(I)** सही है और **(II)** गलत है।

(4) **(I)** गलत है और **(II)** सही है।

**43.** समाज भाषा विज्ञान में 'सम्प्रेषण क्षमता' की संकल्पना निम्नलिखित के द्वारा प्रतिपादित की गई।

(1) विलियम लेबाव (2) लेव वायगोत्स्की (3) डैल हाइम्स (4) चार्लस् फ़र्ग्यूसन

**44.** "अर्जन" बनाम "अधिगम" विभेदीकरण प्रतिपादित किसने किया?

(1) एस.पिट कॉरडर (2) एस.डी. क्राशेन (3) डब्ल्यू.एस. ऐलन (4) हैलीडे

**45.** भौगोलिक/गज़ेटियरस् और जीवनी परिचयात्मक शब्दकोषों का वर्गीकरण निम्न प्रकार से किया जाता है :

(1) शब्द परिवार संबंधी कोश

(2) नाम विषयक कोश

(3) बोली कोश

(4) शिक्षार्थी कोश

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**46.** **Assertion (I) :** Creoloid is a form of Creole arising out of mixing of features from two or more source languages but without a history of origin in a Pidgin language.

**Assertion (II) :** Afrikaans, and Singaporean English are both examples of Creoloids.

**Codes :**

(1) **(I)** and **(II)** are both true.

(2) **(I)** and **(II)** are both false.

(3) **(I)** is false, **(II)** is true.

(4) **(I)** is true, **(II)** is false.

**47.** CALL (Computer - assisted language learning) refers to the area of technology and second language teaching and it claims to have achieved.

(i) Judge predetermined right or wrong answer.

(ii) Provides immediate feed back

(iii) Provides output even for unexpected input

(iv) Provides motivation and engagement of human interaction

**Code :**

(1) Only (i) is false

(2) Only (iii) and (iv) are false

(3) Only (i) and (ii) are false

(4) All the above are false

**48.** **Assertion (I) :** More important than learning one mode of pronunciation is acquiring the ability to style - shift.

**Assertion (II) :** Style - shifting is the ability to alter the register of speech.

**Codes :**

(1) **(I)** is false and **(II)** is true

(2) **(I)** is true and **(II)** is false

(3) Both **(I)** and **(II)** are true

(4) **Both (I)** and **(II)** are false

**49.** An approach to language teaching that focuses on language functions and communicative competence is called :

(1) Linguistic approach (2) Communicative functional approach

(3) Functional notional approach (4) Bilingual approach

Prepp
Your Personal Exams Guide

46. **अभिकथन (I)** : क्रियलायड क्रियाल का एक रूप है जिसमें दो या अधिक स्रोत भाषाओं के लक्षणों का मिश्रण हो परन्तु उसमें पिजन भाषा से उत्पत्ति का इतिहास न हो।

**अभिकथन (II)** : अफ्रीकान्स और सिंगापुरी अंग्रेज़ी दोनों क्रियालाइड के उदाहरण हैं।

**कूट :**

(1) **(I)** और **(II)** दोनों सही हैं।

(2) **(I)** और **(II)** दोनों गलत हैं।

(3) **(I)** गलत है और **(II)** सही है।

(4) **(I)** सही है और **(II)** गलत है।

47. CALL (कंप्यूटर साधित भाषा अधिगम) का तात्पर्य प्रौद्योगिकी और द्वितीय भाषा शिक्षण के क्षेत्र से है और यह दावा किया जाता है कि इससे निम्नलिखित प्राप्त किया जाता है :

(i) सही और गलत उत्तर निर्धारित करते हैं।

(ii) तत्काल प्रतिपुष्टि उपलब्ध करता है।

(iii) अप्रत्याशित निवेश के लिए भी निर्गत उपलब्ध करता है।

(iv) मानव संव्यवहार की अभिप्रेरणा और विनियोजन उपलब्ध करता है।

**कूट :**

(1) केवल (i) असत्य हैं

(2) केवल (iii) और (iv) असत्य हैं

(3) केवल (i) और (ii) असत्य हैं

(4) उपरोक्त सभी असत्य हैं

48. **अभिकथन (I)** : उच्चारण के एक तरीके के अधिगम से अधिक महत्वपूर्ण शैली परिवृत्त की योग्यता का अर्जन है।

**अभिकथन (II)** : शैली परिवृत्त, प्रविष्टि के परिवर्तन की क्षमता है।

**कूट :**

(1) **(I)** गलत है और **(II)** सही है।

(2) **(I)** सही है और **(II)** गलत है।

(3) **(I)** और **(II)** दोनों सही हैं।

(4) **(I)** और **(II)** दोनों गलत हैं।

49. भाषा शिक्षण का वह उपागम जो भाषा प्रकार्य और संप्रेषण क्षमता पर केंद्रित होता है, उसे कहते हैं :

(1) भाषायी उपागम

(2) संप्रेषणपरक प्रकार्यात्मक उपागम

(3) प्रकार्यात्मक अभिप्रायात्मक उपागम

(4) द्विभाषी उपागम

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

50. Match the items in **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the codes given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Verbal Deficit Hypothesis | (i) | Charles Ferguson |
| (b) | Diglossia | (ii) | Basil Bevnskin |
| (c) | Social Motivation of Sound change | (iii) | Dell Hymes |
| (d) | Communicative competence | (iv) | William Labov |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

- o 0 o -

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

50. **सूची - I** की मदों का **सूची - II** से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूट से उपयुक्त उत्तर का चयन कीजिए।

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | वाचिक डेफिसिट हाइपोथीसिसि | (i) | चार्ल्स फर्ग्यूसन |
| (b) | द्विभाषारूपिता | (ii) | बासिल बेवन्सकिन |
| (c) | स्वन परिवर्तन की सामाजिक प्रेरणा | (iii) | डेल हाइम्स |
| (d) | सम्प्रेषणीय क्षमता | (iv) | विलियम लेबाव |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

- o 0 o -

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide